(ख) कुछ सीमेंट संयंत्रों ने यदा कदा रेलवे वैगनों की अपर्याप्त उपलब्धता के बारे में सूचित किया है ।

(ग) से (घ) सीमेंट उद्योग को की जाने वाली वैगनों की आपूर्ति पर निरन्तर निगरानी रखी जाती है। जहां कहीं आवश्यक होता है, रेलवे, जो इस संबंध में फील्ड अधिकारियों को उपयुक्त हिदायतें जारी करता है, के साथ परामर्श करके वैगनों की कमी को दूर करने के लिये सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है ।

**ग्रामीण निर्धनता**

747. **श्री राम जेठमलानी :**
**श्री रणजीत सिंह :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 6 मई, 1991 के "हिन्दू" में "चैक आन इन्फलेशन एलोन केन सोल्व रूरल पार्टी" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान ग्रामीण मजदूरों की आय में वृद्धि हुई है ;

(ग) यदि हां, तो नब्बे के दशक में ग्रामीण मजदूरों की आय में कितने प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है;

(घ) क्या यह भी सच है कि इन ग्रामीण मजदूरों के जीवन-स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की भावी-नीति क्या है ?

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल) :** (क) से (ङ) सरकार को समाचार पत्र में छपे उक्त समाचार के साथ साथ वाणिज्य और उद्योग मंडल के पी एच०डी० हाउस द्वारा किये गये अध्ययन के निष्कर्षों के बारे में जानकारी है । ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के लिये अनेक उपाय किये जाने आवश्यक हैं । मुद्रा स्फीति पर रोक लगाना एक ऐसा ही आवश्यक उपाय है । ग्रामीण गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिये उन्हें रोजगार, और आय के साधन उपलब्ध कराना आवश्यक है । इसे मद्दे नजर रखते हुये गरीबी निवारण कार्यक्रमों के अन्तर्गत ग्रामीण गरीबों को उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार लाने के लिये उत्पादक स्वरूप की परिसंपत्तियां तथा रोजगार मुहैया कराने हेतु संयुक्त प्रयास किये जाते हैं ।

**Finalisation of Eighth Five Year Plan**

748. SHRI RAM JETHMALANI:
SARDAR JAGJIT SINGH AURORA:

Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Eighth Five Year Plan was to start from April, 1990;

(b) if so whether it is also a fact that even after almost two years, the Eighth Five Year Plan has not been finalised;

(c) if so, whether it is a fact that now it is proposed to start the Eighth Five Year Plan from April, 1992; and

(d) if so, by when the final decision is likely to be taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI H. R. BHARDWAJ): (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) Yes, Sir.

(d) It has been decided that the Eighth Plan will start from April, 1992.

**केलकर समिति का गठन**

749. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केलकर समिति का गठन कब किया गया था और इस समिति ने सरकार